सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 27 फरवरी, 2025

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान, देहरादून के कार्यवाहक निदेशक मनीष वर्मा, डॉ. जसमेर सिंह तथा योगेश अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट कर संस्थान की वर्तमान गतिविधियों, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने संस्थान के कार्यों की सराहना की और दृष्टिबाधित व्यक्तियों के सशक्तीकरण के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

...........0............